हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 दिसंबर 2025



04 तबादले के बाद भी नहीं मिले टैक्नीशियन रेडियोलॉजिस्ट का भी पद...



07 पांच करोड़ के अवॉर्ड हुए पारित 1068 पक्षकारों को मिला लाभ



## खबर संक्षेप

### तुलसीकप प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**नर्मदापुरम।** तुलसी का 15 अंतर विद्यालय इन क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खेले गए प्रदर्शन मैच में मध्य प्रदेश पुलिस की टीम ने मालाखेड़ी एकादशी को हराया एमपी पुलिस की टीम ने टॉस जीत कर निर्धारण 8 ओवर में चार तीन विकेट खोकर कल 146 रन बनाए नाना ने 24 बल पर 85 रन बनाए जिसमें 10 छक्का और पांच चौके शामिल थे वहीं वैभव ने तीन छक्के और एक चौके की मदद से 14 बल पर 30 रन बनाए विरोधी टीम के शामिल ने तीन विकेट लिए और केशव को एक विकेट मिला जवाब में मालाखेड़ी की टीम 7 विकेट खोकर 68 रन बना सके और इस प्रकार पुलिस की टीम मैच जीत गई। अगले मैच में सोना मेमोरियल स्कूल ने टॉस जीत का सरस्वती पब्लिक स्कूल मालाखेड़ी को बल्लेबाजी दी सरस्वती की टीम ने निर्धारित पांच ओवर में चार विकेट खोकर 52 रन बनाए जिसमें ऋषभ ने 13 गेंद पर 29 रन बनाए जिसमें दो छक्के और तीन चौके शामिल थे।

## रविवार को प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने ली बैठक, विकास कार्य को दिया बढ़ावा

# प्रभारी मंत्री ने 19 करोड़ रुपए लागत से बनने वाली 3 सड़कों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को नर्मदापुरम जिले को तीन सड़कों की सौगात दी, उन्होंने 19 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाली तीन सड़कों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के 250 हितग्राहियों को एक एक लाख रुपए की आवास राशि की किश्त का भी वितरण किया। रविवार को जनपद पंचायत नर्मदापुरम के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने डिवाइन सिटी से बड़ी पहाड़ियों की ओर जाने वाली सड़क का, नागपुर ओल्ड हाईवे 69 मार्ग से भोपाल तिराहे तक जाने वाले मार्ग एवं परामर्षी गार्डन से डोंगरवाडा ग्राम तक जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

जिले के प्रभारी मंत्री ने रविवार के नर्मदापुरम में 19 करोड़ की लागत से बनने वाली तीन सड़कों का भूमि पूजन किया। उन्होंने बैठक भी ली।



### जिले के गौरव दिवस मनाने पुख्ता इंतजाम करें : प्रभारी मंत्री

जिले में मां नर्मदा प्राकट्योत्सव एवं नर्मदापुरम गौरव दिवस महोत्सव का कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जाएगा। नर्मदा प्राकट्योत्सव एवं नर्मदापुरम गौरव दिवस के कार्यक्रम का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी 2026 को किया जाएगा। जिसे लेकर राकेश सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए की सेठानी घाट एवं अन्य घाटों पर भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट पर एवं अन्य घाटों पर इस दौरान श्रद्धालुओं को आने-जाने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं के आवागमन का मार्ग सुलभ रहे। मार्ग पर अनावश्यक वाहनों की पार्किंग एवं जाम की स्थिति ना रहे। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए की जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मिलकर आपसी समन्वय से कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान पार्किंग की अलग से व्यवस्था सुनिश्चित करें। ताकि वाहनों की अनावश्यक भीड़ इकट्ठी ना हो। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए की सेठानी घाट पर बनाए जाने वाले जल मंच पर अतिथियों के बैठने की क्षमता का आकलन कर ही बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### जिले में एक जिला एक उत्पादन के तहत रेशम की अपार संभावना : प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहां की एक जिला एक उत्पादन के तहत जिले में पर्यटन को लिया गया है लेकिन जिले में रेशम की भी अपार संभावनाएं मौजूद हैं, उन्होंने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीता सरन शर्मा के सुझाव पर एक जिला एक उत्पादन के तहत पर्यटन के साथ-साथ ही रेशम की भी संभावना तलाशने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री रविवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की प्रथम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। प्रभारी मंत्री ने नवगठित समिति में शामिल विभिन्न क्षेत्रों के नामांकित सभी 20 सदस्यों का परिचय लिय। इस दौरान उन्होंने कहा कि समिति जिले की जनता जनप्रतिनिधियों एवं अन्य हित धारकों की जरूरत और सुझाव के अनुसार जिले की दीर्घकालीन विकास की योजनाएं बनाएगी।

# जीआरपी ने किया 11 मोबाइल व 3.41 लाख का मशरूका बरामद

## आरोपी को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेल यात्रियों के मोबाइल चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण और चोरी हुए सामान की बरामदगी के संबंध में, जीआरपी इटारसी को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी के 11 मोबाइल फोन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल के अनुसार, जीआरपी इटारसी ने कुल 3,41,489 रूपये का मशरूका बरामद किया है।

### ऐसे मिली सफलता

पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल, किरणलता केरकेट्टा (भापुसे), के निर्देशानुसार चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं बरामदगी हेतु यह विशेष अभियान चलाया गया था।

### मार्गदर्शन:

पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल के कुशल मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल श्रीमती नीतू सिंह डावर और उप पुलिस अधीक्षक रेल इटारसी, महेंद्रसिंह कुल्हारा के निर्देशन में कार्रवाई की गई।

### कार्यवाही:

जीआरपी इटारसी थाना प्रभारी संजय चौकसे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। यद्यपि 03 नवंबर की मूल घटना का संक्षिप्त विवरण अधूरा है, जीआरपी इटारसी की टीम ने यात्री ट्रेनों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी को पकड़कर, चोरी गए मशरूके को सफलता से बरामद कर लिया है।

# रेलवे समस्याओं को लेकर रेलवे जीएम से मिलेगा प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिये सुविधा बढ़ाने व रेलवे संबंधी सेवाओं में विस्तार की मांगों को लेकर सुविधा बढ़ोतरी को लेकर नागरिक संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल आज रेलवे जीएम से भेंट करेगा।

समिति की ओर से शिवकुमार पटेल ने बताया कि लाडसपुरा रेलवे संपार गेट पर ओवरब्रिज या अंडरब्रिज बनाने, ट्रेनों में कोच की जानकारी के लिये रेलवे स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने, प्लेटफॉर्मों की ऊंचाई बढ़ाने, प्लेटफार्म पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने हेतु टीन शेड का निर्माण करने, बैठक व्यवस्था संबंधित मांगोन पर चर्चा की जाएगी।

साथ ही मांग की जाएगी कि सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के मध्य सोहागपुर व बनखेड़ी स्टेशन पर यात्री ट्रेन का स्टॉपेज दिया जाए। नागरिक संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल आज जबलपुर में जनरल मैनेजर से भेंट करेगा और अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखेगा और समस्याओं के निराकरण की मांग करेगा।

# भारतीय किसान संघ करेगा 29 को कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का भव्य रूप से आयोजन

## भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न, लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारतीय किसान संघ तहसील सोहागपुर की मासिक बैठक रविवार को स्थानीय स्तर पर की गई। जिसमें प्रमुख रूप से प्रांतीय अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान ने सदस्यों को मार्गदर्शन दिया। तथा तय किया गया है कि कार्यकर्ताओं द्वारा 29 दिसंबर को कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यकर्ता सम्मेलन मेन रोड कृषि उपज मंडी सोहागपुर में होगा।

सम्मेलन में सहभागिता के लिये तहसील क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क किया जाएगा। बैठक में उपस्थित संभागीय प्रवक्ता उदय कुमार पांडेय, बृजेश राजपूत, रेवक सिंह ठाकुर, देवराज



पटेल, तहसील अध्यक्ष नर्मदा पटेल, जिला कार्यकारिणी सदस्य लालजी रघुवंशी, दिनेश पटेल, अखिलेश पटेल, संतोष पटेल, छोटे भैया एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 19 मरीजों का किया निःशुल्क नेत्र परीक्षण सभी का भोपाल में होगा मुफ्त ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में रविवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन नर्मदापुरम जिला अंधत्व निवारण समिति एवं वाली सांई विलायत राय सेवा समिति भोपाल के तत्वाधान में किया गया। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर एवं नेत्र सहायक एके शाक्य ने बताया कि शिविर में नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. बीके निचलानी एवं उनकी टीम के द्वारा पंजीकृत 45 मरीजों के नैत्रों की जांच की गई।



जांच उपरांत 19 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया गया।

सभी चिन्हित 19 मरीजों को बस से भोपाल ले जाया गया। जहां मोतियाबिंद का उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। जिसके पश्चात मरीजों को बस से वापिस भी पहुंचाया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेखा सिंह गौर के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया।

# चेक बाउंस मामले में आरोपी को कारावास तथा राशि वापसी का दंडादेश हुआ जारी

## मेडिकल स्टोर संचालन के लिये ग्राम शोभापुर की बैंक से लिया था ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी तेज़दीप सिंह साशन की अदालत में चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को कारावास एवं राशि वापसी का दंडादेश सुनाया है। मामला शोभापुर स्थित राष्ट्रीयकृत बैंक का है।

मामले में बैंक पक्ष से पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं संजय तिवारी, शिरीष तिवारी एवं भरत संजय तिवारी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा ग्राम शोभापुर ने मेडिकल स्टोर संचालन के लिये मुद्रा योजना के अंतर्गत है रामेश्वर



चक्रधर निवासी ग्राम नीमनमूड़ा को 9,50,000 रुपये का चैक दिया था। जिसकी राशि अदा करने रामेश्वर चक्रधर ने बैंक के पक्ष में 11,31,902 रुपये का चेक प्रदान किया। राशि आहरण दौरान चेक अनाहरित हुआ।

तब मामले में बैंक ने 31 दिसंबर 2024 को अधिवक्ताओं के माध्यम से एक परिवाद पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था। जिसमें उभय पक्ष की सुनवाई के बाद आरोपी रामेश्वर चक्रधर को न्यायालय ने दोषी मानते 12 दिसंबर 2025 को निर्णय सुनाया है। निर्णय अनुसार आरोपी को छह माह का साधारण कारावास घोषित किया है। साथ ही चेक की राशि का 9% वार्षिक ब्याज सहित 12,42,262 रुपये अदा करने का भी आदेश दिया है। अधिवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि प्रतिकर राशि के व्यतिक्रम में एक माह का कारावास और होगा।

### पचमढ़ी में जमीं बर्फ की चादर

**पचमढ़ी।** सतपुड़ा की रानी' के नाम से मशहूर मध्य प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में अब कड़ाके की ठंड की औपचारिक शुरुआत हो चुकी है, जिसका प्रमाण यहां की मनमोहक सुबह में देखने को मिला। सूर्योदय के समय, यहां का नजारा किसी बर्फीले स्वर्ग से कम नहीं लग रहा था, जिसने पर्यटकों को एक अद्भुत और दुर्लभ दृश्य का अनुभव कराया। पचमढ़ी की सुबह उस समय और भी खास हो गई जब लोगों ने पाया कि रात में गिरी ओस ठंड की अधिकता के कारण बर्फ की हल्की परतमें तब्दील हो गई है। यह नजारा मध्य प्रदेश जैसे राज्य में बेहद दुर्लभ माना जाता है। खासकर, इस तस्वीर में हरी-भरी घास पर सफेद बर्फ की चादर का बिछ जाना पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता को चार चांद लगा रहा है। घास की हरीतिमा और ऊपर से जमी सफेद फ्रॉस्ट आँखों को सुकून देने वाला है।

# तवा नहर संभाग सिवनी मालवा में कार्यपालन यंत्री राजश्री की सक्रिय कार्यशैली से मजबूत हुई सिंचाई की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

तवा नहर संभाग सिवनी मालवा में सिंचाई व्यवस्था को सुचारु और प्रभावी बनाए रखने में कार्यपालन यंत्री राज्यश्री कटारे की कड़ी मेहनत, निरंतर फील्ड एक्टिवनेस और जिम्मेदार कार्यशैली महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उनके नेतृत्व में विभागीय अमला पूरी सक्रियता के साथ नहरों के संचालन, अनुरक्षण और जल वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने में जुटा हुआ है।

राज्यश्री कटारे नियमित रूप से नहरों के फील्ड निरीक्षण कर रहे हैं और मौके पर पहुंचकर जल प्रवाह, मरम्मत कार्य तथा वितरण प्रणाली



की स्वयं निगरानी कर रहे हैं। किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनना और त्वरित समाधान सुनिश्चित करना उनकी कार्यप्रणाली की विशेष पहचान बन गई है। उनकी सक्रियता के कारण अंतिम छोर के किसानों तक भी समय पर सिंचाई जल पहुंच रहा है।

कार्यपालन यंत्री के रूप में राज्यश्री कटारे ने पारदर्शी और अनुशासित कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया है। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर वे टीम भावना के साथ कार्य कर रहे हैं, जिससे रबी और ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए निर्धारित सिंचाई लक्ष्य समय पर पूरे हो रहे हैं।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि राज्यश्री कटारे की फील्ड में मौजूदगी और तत्पर निर्णय क्षमता से सिंचाई व्यवस्था में स्पष्ट सुधार देखने को मिला है। उनकी मेहनत और सक्रिय भूमिका से न केवल जल प्रबंधन मजबूत हुआ है, बल्कि किसानों का विभाग के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। तवा नहर संभाग सिवनी मालवा में राज्यश्री कटारे की कार्यकुशलता, समर्पण और निरंतर सक्रियता किसानों के हित में एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में देखी जा रही है, जिससे क्षेत्र की कृषि व्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिल रही है।

# नर्मदा की परिक्रमा से लौटने पर हुआ भंडारा प्रसादी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर के सरदार वार्ड निवासी भाजपा नेता नीरज यादव के माता-पिता कुछ समय पूर्व मां नर्मदा की परिक्रमा पर रवाना हुए थे। माता-पिता की सफल नर्मदा परिक्रमा पूर्ण होने पर पुत्र नीरज यादव एवं उनके अन्य परिजनों द्वारा रविवार को रेवा बनखेड़ी ग्राम स्थित नर्मदा घाट पर भंडारा आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम मां नर्मदा घाट पर यादव परिवार की ओर से विधिवत पूजन की गई। जिसके बाद मां नर्मदा की आरती करते हुए भंडारा आयोजन का शुभारंभ किया गया। नीरज यादव ने बताया कि उनके पिता महेश यादव एवं माताजी कांति यादव ने मां नर्मदा की परिक्रमा कर परिवार के लिए पुण्य का अवसर प्राप्त किया है। अतः परिक्रमा पूर्ण होने के उपरांत समूचे यादव परिवार ने भंडारा आयोजन किया। जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, यादव परिवार के सदस्यों, परिचितों तथा नर्मदा भक्तों ने सम्मिलित होकर प्रसादी प्राप्त की।

## शीतकाल शुरू होते ही पचमढ़ी सैलानियों से हुई गुलजार

# हिल स्टेशन पर पर्यटकों की पहली पसंद बना 'नीलांबर स्काईलाइन', पचमढ़ी में पर्यटन को मिले नए आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी, अपने नैसर्गिक एवं प्राकृतिक सौंदर्य के कारण शीतकाल शुरू होते ही पर्यटकों से गुलजार हो गया है।

इस वर्ष पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित नई इकाई 'नीलांबर स्काईलाइन' बनी हुई है। दिसंबर 2024 में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन की गई इस इकाई ने, कम समय में ही उत्तम सेवाएं प्रदान कर पर्यटन के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। पचमढ़ी में शीतकाल की शुरुआत होते ही पर्यटकों के आगमन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।



### नीलांबर स्काईलाइन बनी 'फर्स्ट चॉइस':

की यह नई इकाई नीलांबर स्काईलाइन पर्यटकों की पहली पसंद के रूप में उभरी है, जिसका मुख्य कारण इसकी उत्तम सेवाएँ और पहाड़ी चोटी पर इसका अनूठा स्थान है।

### मनोरम नज़ारे:

पहाड़ी की चोटी पर स्थापित होने के कारण 'नीलांबर स्काईलाइन' से पचमढ़ी के चारों ओर के अविस्मरणीय और मनोरम दृश्य दिखाई देते हैं। जो पचमढ़ी में सैलानियों के बीच खासा आकर्षण बनता रहा है।

### बुकिंग हुई फुल:

इकाई प्रबंधक अनिल राय के अनुसार, नीलांबर स्काईलाइन को अतिथियों का ज़बरदस्त रिस्पांस मिल रहा है और वर्तमान में इकाई की बुकिंग पूरी तरह से फुल हो चुकी है।

### संगीत संध्या

अतिथियों को सुखद अनुभव प्रदान करने के लिए प्रति सप्ताह शनिवार और रविवार को 'संगीत में संध्या' का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटन निगम के प्रबंध संचालक महोदय के मार्गदर्शन में, नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भी भव्य संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

### सिवनी मालवा में 'वॉश ऑन व्हील सेवा' का शुभारंभ

**नर्मदापुरम।** जनपद पंचायत सिवनी मालवा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत डब्ल्यू ओ डब्ल्यू सेवा शुरू की गई। सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन ने स्वच्छता साथी दीपक धुलिया को स्वच्छता किट देकर सेवा की शुरुआत की। अब ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की मशीन से सुरक्षित और समय पर सफाई हो सकेगी। नागरिक डब्ल्यू ओ डब्ल्यू ऐप डाउनलोड कर ऑनलाइन आवेदन व शुल्क जमा कर सफाई सेवा प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में सीईओ जनपद श्रुति चौधरी, एसबीएम टीम, एपीए, एई एवं सभी सचिव व रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### नैनो ऊर्वरक के उपयोग पर पैनल डिस्कशन आज

**बैतूल।** कृषि विज्ञान केन्द्र बैतूल बाज़ार में आज सोमवार 15 दिसंबर को सुबह 11 बजे कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से नैनो उर्वरक उपयोग पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया है। जिसमें नैनो यूरिया के उपयोग, सावधानी, लाभ तथा प्रभाव पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन में कृषि वैज्ञानिक व कोरोमंडल उर्वरक कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक सूर्यकांत त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पैनल डिस्कशन के दौरान जिले के नैनो यूरिया उपयोगकर्ता कृषकों को सम्मानित भी किया जावेगा। कृषि विभाग ने किसानों से इस परिचर्चा में हिस्सा लेकर नैनों उर्वरको संबंधी अपनी जिज्ञासाओं का उत्तर प्राप्त कर नैनो उर्वरक का प्रभावी उपयोग और पर्यावरण हितैषी इस तकनीक को अपनाने का आग्रह किया है।

### हत्या के प्रयास के 3 अपचारी बालक गिरफ्तार

**बैतूल।** बर्थ-डे पार्टी में हुए झगड़े और हत्या के प्रयास के तीन अपचारी बालकों को पुलिस ने पकड़ लिया है, वहीं एक अन्य अभी भी फरार है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 13 दिसंबर को फरियादी निलेश पिता बुध्धू नवडे (18) निवासी बोथी थाना बैतूल बाजार की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली बैतूल में धारा 109(1),3(5) बीएनएस, विधि विरुद्ध बालकों के विरूध्द कायम किया और मामला विवेचना में लिया गया। प्रकरण के 3 अपचारी बालको को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। वहीं प्रकरण में 1 अपचारी फरार चल रहा है। इस कार्रवाही में निरीक्षक नीरज पाल, उनि राकेश सरयाम, सउनि प्रवीण पचौरी, प्र.आर. अजय भलावी, प्र.आर. शिवकुमार , प्र.आर. नानकराम, आर. रोहित, ओमकार, पवन, उज्जवल, नितिन चौहान की विशेष भूमिका रही है।

### प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**सारनी।** इंदौर के पोलो ग्राउंड में आयोजित 47वीं अंतर-क्षेत्रीय शरीर सौष्ठव एवं शक्ति तोलन खेल प्रतियोगिता में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देश के सात रीजन की टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। शक्ति तोलन प्रतियोगिता में 59 किलोग्राम बॉडी वेट वर्ग में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी में पदस्थ स्टेनो योगेश कुमार साहू ने 355 किलोग्राम वजन उठाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 83 किलोग्राम बॉडी वेट वर्ग में सुनील पटेल ने 348 किलोग्राम वजन उठाकर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के 105 किलोग्राम बॉडी वेट वर्ग में दिनेश मेवाडा ने 420 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार उपलब्धि दर्ज की। इसके अतिरिक्त बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में भी सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें सुनील पटेल ने द्वितीय स्थान तथा प्रवीण कड़वेकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम के साथ मैनेजर मकरध्वज सरयाम (सहायक अभियंता), महेंद्र झारिया एवं लोकेश नकवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अभियंता व्हीके कैथवार ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों पर शुभकामनाएं दीं और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

### विशेष हृदय रोग शिविर के लिए 75 बच्चों को भोपाल किया रवाना

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि मिशन संचालक एनएचएम भोपाल डॉ. सलोनी सिड़ाना द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में रविवार को विशेष हृदय रोग शिविर के लिए जिले के 75 चिन्हित बच्चों को जय प्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल भेजा गया। यह शिविर प्रशांती मेडिकल सर्विसेज एवं रिसर्च फाउंडेशन, सत्यसांई मार्ग, राजकोट द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार यह दल जिला चिकित्सालय परिसर, बैतूल से प्रातः 10 बजे रवाना हुआ।

---

### जिला अस्पताल में 4 लैब टैक्नीशियन के भरोसे औसतन एक हजार जांचे

# तबादले के बाद भी नहीं मिले टैक्नीशियन रेडियोलॉजिस्ट का भी पद वर्षों से खाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल में लैब टैक्नीशियनों की कमी बनी हुई है। इंटीग्रेटेड पब्लिक हैल्थ लैब (आईपीएचएल) में वैसे 11 लैब टैक्निशियन होने चाहिए, लेकिन जिला अस्पताल में संविदा सहित 7 लैब टैक्निशियन है। बताया जा रहा है कि इसमें 3 ब्लड बैंक में और 4 पैथोलॉजी लैब में कार्य कर रहे हैं। पिछले दिनों यहां से कुछ लैब टैक्निशियन का तबादला हो गया। उनके बदले जिला अस्पताल में कोई पदस्थ नहीं हुआ है। पैथोलॉजी लैब में मौजूद चार टैक्नीशियनों में से सुबह और दोपहर में 2-2 लैब टैक्निशियन ड्यूटी कर रहे है। रात्रि के समय पियोसिटी साइंस द्वारा मशीनें ऑपरेट करने भेजे गए कर्मचारियों के भरोसे ही पैथालॉजी लैब रहती है। वहीं चार लैब टेक्निशियन ही प्रतिदिन औसतन ढाई सौ मरीजों के लगभग एक हजार टेस्ट करने मजबूर है। बताया गया कि जिला अस्पताल में लगभग एक साल पहले इंट्रीग्रेटेड पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी शुरू की गई है।

आईपीएचएल के प्रावधानों के अनुसार इसमें जांच करने के लिए पैथालॉजिस्ट, एक माइक्रो बायोलाजिस्ट, एक बायोकेमिस्ट, 11 लैब टैक्निशियन एक डाटा एंट्री ऑपरेटर और 2 स्टॉफ सहित कुल 17 कर्मचारी होने चाहिये। कुछ समय पूर्व तक यहां 9 लैब टैक्निशियन पदस्थ थे, लेकिन एक-एक कर पांच लैब टैक्निशियन का तबादला हो गया है। जिससे अब यहां चार लैब टैक्निशियन ही पदस्थ है। इनके द्वारा ही यहां सभी प्रकार के टेस्ट लगाए जा रहे है।

#### 110 जांचों का हुआ है अनुबंध

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल की आईपीएचएल लैबोरेटरी में 110 प्रकार की अलग-अलग जांच करने के लिए मशीने और रियेजेंट उपलब्ध करवाने का अनुबंध भी की पियोसिटी सांइस कंपनी को दिया है। कंपनी द्वारा वर्तमान में जिला अस्पताल में लगभग 80 प्रकार की जांचों की सुविधा और मशीने उपलब्ध करवाई है, वहीं लगभग 30 प्रकार की जांचों के लिए कंपनी द्वारा सेंपल भोपाल भेजे जा रहे है। कंपनी द्वारा मशीन ऑपरेट करने कर्मचारी भी तैनात किए गए है। बताया जा रहा है कि पियोसिटी साइंस भोपाल द्वारा मशीने ऑपरेट करने ऑपरेटर नियुक्त किए है। इनका कार्य मशीनों को ऑपरेट करना है, लेकिन लैब टैक्निशियन की कमी से ऑपरेटर भी टेस्ट लगा रहे है वहीं, रात्रि के समय इनके ही भरोसे पैथालॉजी रहती है।

#### प्रतिदिन होती है लगभग एक हजार जांचे

जिला अस्पताल में रोजाना 800 से एक हजार के बीच मरीज उपचार कराने आते है। इन मरीजों को चिकित्सकों द्वारा आवश्यकतानुसार जांच लिखी जाती है। बताया जा रहा है कि ओपीडी में आने वाले मरीजों के साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों में से प्रतिदिन औसतन ढाई सौ मरीजों की लगभग एक हजार जांचे होती है। वर्तमान में पदस्थ 4 लैब टैक्निशियन में से दिन की दोनों शिफ्ट में 2-2 टैक्निशियन आ रहे है, जिनके ऊपर कार्य का अत्यधिक दबाव है। ऐसे में इन चारों में से किसी के छुट्टी पर जाने से कार्य प्रभावित हो जाता है। वहीं मरीजों को भी टैक्नीशियनों की कमी के कारण परेशान होना पड़ता है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा समय-समय पर चिकित्सकों, लैब टैक्नीशियनों की कमी को लेकर पत्राचार किया जाता है, लेकिन खाली पदो की पूर्ति अभी तक नहीं हो पाई है।

#### करीब दो साल से रेडियोलॉजिस्ट नहीं

*जिला अस्पताल में करीब दो साल से रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर नहीं है। जो रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ थे, वे दिसंबर 2023 में रिटायर हो चुके है, तब से लेकर वर्तमान तक नये रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि यहां शासन के निर्देशानुसार शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा गर्भवती महिलाओं की सोनाग्राफी हो जाती है, लेकिन सामान्य मरीजों को बाहर से सोनोग्राफी करनी पड़ती है। जिला अस्पताल में डॉक्टर जिन्हें पेट संबंधी परेशानी है, उन्हें सोनोग्राफी कराने की सलाह देते है, लेकिन जिला अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को शहर के प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर जाना पड़ता है। जिसमें सबसे अधिक आर्थिक मार गरीब वर्ग के मरीजों पर पड़ती है। प्राइवेट में अल्ट्रासाउंड जांच के लिए 800 से 900 रुपए चुकाना होते हैं। यही सोनोग्राफी जिला अस्पताल में निःशुल्क हो जाती थी।*

#### मांग की है

*जिला अस्पताल में लैब टैक्निशियन के 10 पद ही है। वर्तमान में संविदा सहित 7 लैब टैक्निशियन है। शासन को पत्र लिखकर अस्पताल में चिकित्सक, रेडियोलॉजिस्ट और लैब लैब टैक्निशियन के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए मांग की है। पियोसिटी साइंस के मशीन ऑपरेटर भी मूलतः लैब टैक्निशियन ही होते है, इसलिये उनकी मदद ली जा रही है।*

*- डॉ. जगदीश घोरे, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल, बैतूल*

---

### खुद थाने पहुंचकर की शिकायत

## स्वदेशी मेले में चाकूबाजी नाबालिग घायल



**बैतूल।** शहर के पुलिस परेड ग्राउंड में लगे स्वदेशी मेले के दौरान शनिवार रात चाकूबाजी की घटना सामने आई है। गंज थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात में 17 वर्षीय नाबालिग युवक पर चाकू से हमला किया गया। घटना रात करीब 9.30 बजे की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल युवक की पहचान हर्ष उर्फ भूषण पिता कृष्णा आर्य, निवासी चन्द्रशेखर वार्ड बैतूल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हर्ष मेले में घूम रहा था। इसी दौरान दो से तीन युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया, गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक को मेले के पिछले हिस्से में ले गए, जहां भीड़ कम थी। वहां आरोपियों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल युवक किसी तरह खुद को संभालते हुए मेले के पास स्थित गंज थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना बताई। इसके बाद पुलिस ने रात करीब 12 बजे मामला दर्ज किया। घायल हर्ष को तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। आरोपियों की पहचान के लिए मेले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घटना के बाद मेले में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत का माहौल रहा।

## शिक्षाजगत की मिशाल बनी दीपाली निलय डागा




**बैतूल।** सतपुड़ा वैली स्कूल बैतूल की डायरेक्टर दीपाली निलय डागा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके बेहतरीन योगदान के लिए एजीएन एजुकेशन लीडरशिप समिट इंदौर में आउटस्टैंडिंग लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है जो कि विगत दिनों इंदौर में आयोजित किया गया। उनकी सोच, लगन और अथक प्रयासों ने बैतूल के हर बच्चे के लिए समग्र शिक्षा, रचनात्मकता, इनोवेशन और सर्वांगीण विकास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर श्रीमती डागा ने कहा की शिक्षा और संस्कार का उद्देश्य उसके विकास की प्रक्रिया को सुगम बनाना है। अतः एक आदर्श समाज और व्यक्ति के लिए शिक्षा की भूमिका अनगिनत है। प्रत्येक समाज और राष्ट्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने व्यक्तियों के लिए समग्र सुख और समृद्धि लाए। इस उपलब्धि पर सतपुड़ा वैली की प्राचार्या डॉ रीतु बाजपाई एवं स्कूल परिवार की ओर से बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई।

---

## भौंरा में पहुंची विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम, गांव में मिला शहर जैसा इलाज

### लायंस क्लब के निःशुल्क शिविर में 250 से अधिक मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से लायंस क्लब भौंरा द्वारा रविवार को विजय मंगल भवन में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

लायन क्लब भौंरा एवं अनंत हार्ट केयर फाउंडेशन तथा जिला स्वास्थ्य समिति बैतूल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर उचित परामर्श दिया। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान धन्वंतरि के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार नीखरा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व इना, सामान्य शल्य चिकित्सक डॉ. स्वप्निल अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि अग्रवाल, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषि माहोर तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. ममता सोने ने मरीजों की जांच की। इसके अलावा शाहपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अभिनव शुक्ला एवं भौंरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

क्लब के अध्यक्ष डीपी मिश्रा एवं सचिव लायन ओमप्रकाश कवडकर ने बताया कि सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस स्वास्थ्य शिविर में 250 से अधिक मरीजों की जांच की गई। जिनमें हृदय, अस्थि, महिला रोग, ईएनटी, मानसिक स्वास्थ्य तथा सामान्य बीमारियों से संबंधित मरीज प्रमुख रहे। शिविर में ब्लड शुगर, बीपी, ईसीजी, हड्डियों की जांच सहित आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, तनाव प्रबंधन और व्यायाम की महत्ता के बारे में भी जागरूक किया। डॉ. अभिनव शुक्ला ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में समय पर स्वास्थ्य जांच न होने से कई बार छोटी बीमारियाँ गंभीर रूप ले लेती हैं। ऐसे शिविरों से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। भविष्य में भी इस तरह के शिविरों को नियमित रूप से आयोजित किया जाना चाहिए।

### राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित



**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी के विद्यार्थियों ने कार्यानुभव शिक्षक केशव तिवारी के अनुरक्षण में एमपीपीजीसीएल सारनी में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मॉडल, पोस्टर एवं कविता पाठ जैसी विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीके कैथवार, मुख्य अभियंता एमपीपीजीसीएल ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता की सराहना करते हुए विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। पोस्टर मेकिंग में अल्पना को विशेष पुरस्कार मिला। अंबिक एवं रेहल द्वारा प्रस्तुत मॉडल के लिए श्री कैथवार द्वारा 1000 का विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। कविता पाठ में भाविका ने प्रथम तथा निवेदिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## अपने अपने क्षेत्र में सेवा को समर्पित सेवाभावियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के गुरुद्वारा रोड स्थित प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान इलेक्ट्रम इंस्टीट्यूट बैतूल में आज रविवार को समाज सेवा, प्रकृति संरक्षण एवं मानवीय मूल्यों को समर्पित व्यक्तित्वों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व निरंतर सेवा कार्य करने वाले समाजसेवियों को इलेक्ट्रम सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान के प्रतीक रूप में गौ-गोबर व पवित्र नदियों की मिट्टी से निर्मित मातारानी के चरणों के माध्यम से सम्मान किया गया, जो भारतीय संस्कृति, गौ संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। कार्यक्रम में कैंसर फाइटर व समाजसेवी हेमंत बब्लू दुबे व उनकी टीम को प्रकृति संरक्षण एवं पॉलीथिन मुक्त बैतूल अभियान चलाने हेतु पूरी टीम को सम्मानित किया गया। डॉ. नितिन देशमुख को चिकित्सा सेवा, सुश्री हर्षिता मानकर को नारी सशक्तिकरण, हिन्दू सेना के प्रदेशाध्यक्ष दीपक मालवी को अनाथजनों की मृत्यु उपरांत अंतिम संस्कार की सेवा तथा हरिभूमि के जिला ब्यूरो प्रमुख संजय द्विवेदी को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्यों में विशेष योगदान के लिए इलेक्ट्रम सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गायत्री परिवार के प्रचारक उत्तमराव गायकवाड, जो लंबे समय से मां ताप्ती सेवा, गौ माता संरक्षण एवं गायत्री परिवार से जुड़े हैं, ने अपने विचार रखे। समाजसेवी अनिरुद्ध गुरुजी, जो जैविक खेती एवं मां ताप्ती की सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी विशेष अतिथियों ने विद्यार्थियों में सेवा की भावना जगाने के लिए अपने-अपने अंदाज में रोचक विचार रखें और उन्हें संस्कारित रहकर, प्रकृति संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सजग रहने का उत्कृष्ट संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में इलेक्ट्रम इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सुस्मित बन्सोड व अंचित पाठक द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन के बाद जहां उपस्थित छात्र-छात्राएं बडे खुश नजर आए।

---

## सारनी के पीयूष हरौडे ने फिल्म धुरंधर में दिखाया हुनर

### वीएफएक्स और 3डी आर्ट में बनाई अलग पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



इन दिनों अपने जबरदस्त एक्शन सीन्स और दमदार स्टोरी लाइन के कारण सुर्खियों में बनी फिल्म धुरंधर में सारनी के युवा कलाकार पीयूष हरोडे ने तकनीकी दुनिया में अपनी खास पहचान बनाई है। फिल्म में पीयूष ने वीएफएक्स कम्पोजिटर और 3 डी आर्टिस्ट के रूप में काम करते हुए कई अहम सीन को जीवंत रूप दिया है। सारनी निवासी पीयूष हरौडे पिता रमेश हरोडे (फर्नीचर व्यवसायी) और माता लता हरोडे (गायत्री स्कूल में शिक्षिका) के पुत्र हैं। पीयूष ने फिल्म धुरंधर में बम ब्लास्ट, हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस और प्रभावशाली कैरेक्टर शॉट्स को तैयार किया है, जो दर्शकों को बांधे रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पीयूष के अनुसार इस फिल्म में कुल करीब 900 वीएफएक्स शॉट्स शामिल थे, जिनमें से लगभग 30 शॉट्स उन्होंने एनविजन टीम के साथ मिलकर तैयार किए। पूरी 90 मिनट की फिल्म रील पर लगातार मेहनत करनी पड़ी। इस प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के लिए करीब 45 दिनों तक रोजाना 18-18 घंटे काम किया गया। पीयूष बताते हैं कि धुरंधर पर काम करना उनके करियर का अब तक का सबसे यादगार अनुभव रहा। इससे पहले भी वे कांतारा, द फैमिली मैन और स्क्विड गेम्स जैसे बड़े और चर्चित प्रोजेक्ट्स में अपनी तकनीकी दक्षता का लोहा मनवा चुके हैं। पीयूष हारोड़े की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे सारनी शहर में गर्व और खुशी का माहौल है।

### पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किया जब्त, एक गिरफ्तार

## खेत के गोडाउन में छिपा कर रखा था विस्फोटक पदार्थ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/भैंसदेही

पुलिस ने भैंसदेही क्षेत्र के बगदरा रोड स्थित खेत के गोडाउन में विस्फोटक पदार्थ रखे जाने की जानकारी पर विस्फोटक पदार्थ सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी। सूचना के आधार थाना प्रभारी राजेश सातनकर के नेतृत्व में पुलिस बल उक्त खेत व खेत में बना मकान पर पहुंचा, जो राजेन्द्र डढ़ौरे का होना बताया। जहां एक व्यक्ति मिला, उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम पता राजेन्द्र डढोरे पिता लिखिराम उढोरे उम्र 35 साल निवासी ग्राम चिचोलीढाना होना बताया और स्वयं का गोडाउन होना बताया। गोडाउन का ताला खुलवाकर देखा। गोडाउन में नीली पालीथीन के अंदर एक वायर का बंडल व ट्यूब टाईप, एक सफेद नीले रंग की ट्यूब जिस पर अंग्रेजी में डेंजर एक्सप्लोसिव 1.1डी/1 25एमएम सीई0080 सुपरपॉवर90 एमुसशन एक्सप्लोसिव लिखा था। पूछने पर उसके द्वारा बताया कि ब्लास्ट के लिये उक्त एक्सप्लोसिव लाया गया था। पुलिस ने उक्त विस्फोटक रखने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा, लेकिन आरोपी कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 288 बीएनएस 4,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दण्डनीय पाये जाने से मौके उक्त विस्फोटक पदार्थ समक्ष गवाह के 100 नग ट्यूब टाईप विस्फोटक पदार्थ (गुल्ले) एवं एक बायर बंडल जप्त किया, वहीं राजेन्द्र डढोरे पिता लिखिराम उढोरे उम्र 35 साल निवासी ग्राम चिचोलीढाना को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाही में अनुविभागीय अधिकारी भैंसदेही भूपेन्द्र सिंह मौर्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भैंसदेही निरीक्षक राजेश सातनकर, उनि. आशीष कमरे, आर. मनोज, आर. तनवीर की अहम भूमिका रही।

## आदिवासी अंचल के बच्चों ने कहा-थैक्यू बैंक ऑफ इंडिया

### स्कूल बैग स्वेटर और जूते पाकर बच्चे हुए खुश




**आमला।** बीते कई वर्षों से जनकल्याण के काम कर रही बैंक आफ इंडिया ने बीते दिनों इलाके के आदिवासी अंचल भीमसेनढाना पहुंचकर यहां स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, स्वेटर, जूते के अलावा स्कूल संबंधी अन्य कई जरूरी सामग्री भी बच्चों को दी है। बैंक ऑफ़ इंडिया के इस सेवाभावी कार्य को देखकर बच्चों में खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा और सारे बच्चे एक साथ बोल पड़े... थैंक यू बैंक आफ इंडिया, हालांकि बीते कई वर्षों से अलग-अलग इलाकों में बैंक ऑफ़ इंडिया इस तरह के जरूरतमंदों के बीच जाकर सेवाभावी कार्य करती रही है, जिसकी लोग प्रशंसा भी करते हैं। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में बोरदही थाना प्रभारी राधेश्याम वट्टी, आरपीएफ आमला के एस.आई. शिवराम सिंह, बैंक ऑफ इंडिया आमला शाखा प्रबंधक प्रीति डिगरसे, मनोज वाधवा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते मनोज वाधवा ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया द्वारा समय समय पर जरूरतमंदों की मदद में हमेशा आगे रहकर जनकल्याणकारी कार्यों को किया जाता रहा है। इस अवसर पर थाना प्रभारी राधेश्याम वट्टी ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया आमला का यह कार्य बहुत प्रेरणादाई है, इससे सुदूर क्षेत्र के इन जरूरतमंद बच्चों को दी गई भेंट उन्हें पढाई कर आगे बढने में मदद करेगी। शाखा प्रबंधक प्रीति डिगरसे ने कहा कि बच्चों यह उपहार हम आपको दे रहे है, अब आप रोज स्कूल आए और अच्छे नम्बर लाने पर ही यह सही उपहार सिद्द होगा। इस दौरान बच्चे उपहार पाकर बहुत खुश हुए और उन्होंने कहा कि अब हमें ठंड नहीं लगेगी, क्योंकि हमें नई स्वेटर, जूते, मोजे और बैग आददि मिले है। इस अवसर पर अभिलाष डिगरसे, राजेश चंद्रवंशी कैशियर, अमोल बागड़े, सन्नी चौहान, कृष्णा सोनी, शिक्षक बल्लू महोबे, दिनेश बिसंदरें सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

संक्षेप खबर

## सत्यम कार्य अध्यक्ष संतोष जिला उपाध्यक्ष बने





**माखननगर।** आदिवासी युवा समाजसेवी सत्यम धुर्वे युवा प्रकोष्ठ का कार्य अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि संतोष उइके गोंड समाज महासभा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष जितेंद्र उइके की अनुशंसा पर गोंड समाज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बिशनसिंह परतेती की सहमति से की गई है। दोनों की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए सुरेंद्र उइके दिलीप परते बॉबी परनामें बलविंदर भलावी करण धुर्वे अंकित कुमरे शिवम कुमरे ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शुक्रवार रात को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने वार्डों में पहुँचकर मरीजों से उपचार, सुविधाओं और समस्याओं के संबंध में चर्चा की तथा अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ वार्डों में डॉक्टर और नर्स अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर सिंह ने संबंधितो के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर और मेटरनिटी में स्टॉफ नर्स अनुपस्थित पाई गई, जिसपर कलेक्टर ने संबंधितों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह से जिला अस्पताल के रसोई घर का भी निरीक्षण किया।

### विकासखंडों में वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

# पारिवारिक विवादों का निकाला हल जिले में 114 परिवार फिर हुए एक

यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के निर्देशानुसार नगर के न्यायालय में संपन्न हुआ। नेशनल लोक अदालत में पारिवारिक विवादों को सुलझाया गया वहीं। अवार्ड भी पारित किये गये।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शनिवार 13 दिसंबर 2025 को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई। यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के निर्देशानुसार नगर के न्यायालय में संपन्न हुआ। तथा न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं की उपस्थिति में माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर लोक अदालत शुरू की गई। जानकारी अनुसार सफल लोक अदालत न्यायालयीन व्यवस्था, अधिवक्ता व प्रशासन के समन्वित प्रयास का परिणाम है। न्यायालय सोहागपुर में की गई लोक अदालत में संगीता डाबर मौर्य जेएमएफसी व प्रभारी अधिकारी, तेजदीप सिंह साशन जेएमएफसी, नगर अधिवक्ता संघ पदाधिकारी, अधिवक्ता, पक्षकार, न्यायालयीन कर्मी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, नपकर्मी एवं विद्युत मंडल कर्मचारी उपस्थित हुए।



### पति व पत्नी के बीच हुई सुलह

जानकारी अनुसार एमजेसीआर नंबर 5/2025 में न्यायिक दण्डाधिकारी वरिष्ठ खण्ड सोहागपुर न्यायालय में लंबित पति पत्नी विवाद का लोक अदालत में निराकरण किया गया। अधिवक्ता सतीश नामदेव ने बताया कि राजीनामे के अनुसार पति-पत्नी अमित तथा सरस्वती साथ साथ रहेगें। समझौते के लिये आवेदिका के अधिवक्ता मदनपाल व अनावेदक के अधिवक्ता सतीश नामदेव ने पहल की। न्यायालय में पति व पत्नी ने एक दूसरे को मालाएं पहनाकर परिवार के साथ रहने का संकल्प लिया। इस दौरान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी संगीता डाबर तथा दोनों पक्षों के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### बिछड़े हुए फिर मिले, परिवारों का कराया राजीनामा



**पिपरिया।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में दिनांक 13दिसंबर कोनेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण ने मां सरस्वती वंदना कर अदालत का शुभारंभ किया। अदालत में बिजली विभाग के प्री लिटिगेशन 75प्रकरणो का निराकरण किया गया। जिसमें लगभग 4,53,670रुपेकी राशि विभाग को प्राप्त हुईं। बिजली विभाग के19प्रकरण का निराकरण किया गया। जिसमें लगभग 4,16,355की राशि जमा कराई गई। मोटर दुर्घटना के 5निराकरण किए गए आपसी समझौते में 14,95,000राशि जमा हुए। लोक अदालत में कुल 219प्रकरण के निराकरण किया गया।461लोग लाभान्वित हुए। जिसमें लगभग समझौता राशि 16,044,799रुपे जमा हुए। अदालत में परिवार को हमेशा खुश रहने के लिए आपसी सहमति से बसाया गया जो वर्षो से अलग अलग रह रहे थे। नेशनल लोक अदालत में उपस्थित रहे प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण, अर्चना रघुवंशी द्वितीय जिला न्यायाधीश, मनीष कुमार पारीक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अखिलेश चाडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, शालिनी मिश्रा शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दिशा चाडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सहित अन्य सभी अधिवक्ता संघ के लोग शामिल हुए। नगर पालिका परिषद, बैंक सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### माखननगर नप ने वसूले 12 लाख 83 हज़ार 581 रुपए



**माखननगर।** नगर परिषद में विभिन्न करों की वसूली के लिए लोक अदालत का आयोजन किया था जिसमें एक मुश्त बकाया करों का भुगतान करने वालों को अधिभार माफ किया मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीएस राजपूत ने बताया नागरिकों से संपत्ति कर में तीन लाख उनतीस हजार छ सौ उन्यासी रु जल कर के दो लाख त्रियासी हजार अस्सी रु दुकान किराया एक लाख बीस हजार पांच सौ बाईस रु एवं प्रीमियम के छ लाख पच्चीस हजार रु की वसूली की गई है वसूली कार्य में नगर परिषद के कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

### जिले भर में हुए प्रकरण निराकृत

न्यायालय नर्मदापुरम एवं तहसील न्यायालयों में कुल 33129 प्रकरण विचाराधीन है, जिनमें से एक ही दिन में 1098 प्रकरणों का निराकरण हुआ है, जो लंबित प्रकरणों का 3.31 प्रतिशत है। इसमें अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम के अध्यक्ष श्री दीपक जैन का सहयोग एवं प्रयास एवं अन्य समस्त अधिवक्तागण का सहयोग विशेष रूप से सराहनीय रहा है।

मोटर दुर्घटना दावा - 09 में से 09 प्रकरण निराकृत 4295000 /- रूपये के अवार्ड पारित हुआ। चैक बाउंस के मामलें -243 में से 240 प्रकरण निराकृत 54916347/- रूपये के अवार्ड पारित हुआ।आपराधिक शमनीय प्रकरण - 463 में से 459 प्रकरण निराकृत 2385000 /- रूपये के अवार्ड पारित हुआ। वैवाहिक मामले - 114 में से 114 प्रकरणों का निराकरण हुआ। विद्युत प्रीलिटिगेशन- 367 प्रकरणों में से 367 निराकृत 2846308 /- रुपये की वसूली की गई। संपत्तिकर के - 87 प्रकरणो से 87 प्रकरणों का निराकृत 2804176 /- जलकर के - 48 में से 48 प्रकरणों का निराकृत 469226 /- वसूली की हुई। बैंक रिकवरी - 32 में से 32 प्रकरणों का निराकृत 1434050/- की वसूली की गई।

## इटारसी में नवीन विश्रामगृह का प्रभारी मंत्री ने किया लोकार्पण

### 1.81 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

1.81 करोड़ की लागत से इटारसी में नवीन विश्रामगृह का लोकार्पणइटारसी। मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने आज इटारसी में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित नवीन विश्रामगृह का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास की धारा प्रवाहित हो रही है और इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में मध्य प्रदेश आज देश में अव्वल है।

लोकार्पण समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे सहित म.प्र. तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, कलेक्टर सोनिया मीना, एसपी श्री साई कृष्णा एस थोटा, राहुल चौरे, मयंक महतो, मुकेशचंद्र मैना, ज्योति चौरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पत्रकार बंधु एवं बड़ी संख्या में नगरिकगण उपस्थित रहे।

#### विधायक की मांग पर बड़ी घोषणा

मंत्री राकेश सिंह ने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की मांग पर नवीन विश्रामगृह की बाउंड्रीवॉल के निर्माण के लिए मौके पर ही 30 लाख की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

लोकार्पण

#### 17 जून 2023 से हो रहा था निर्माण

विश्राम गृह अनुमानित लागत – 128.74 लाख
निर्माण अवधि – 17 जून 2023 से 5 अप्रैल 2025
क्षेत्रफल = 441.60 वर्गमीटर
उपलब्ध प्रमुख सुविधाएं
2 वीआईपी कक्ष, 2 विश्राम कक्ष
मीटिंग हॉल और वेटिंग हॉल
किचन और डाइनिंग हॉल
दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु रैम्प और शौचालय बनाए गए हैं।

#### नर्मदापुरम में चल रहे विकास कार्य

प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि जिले में वर्तमान में 1200 से 1300 करोड़ रुपए के विकास कार्य हो रहे हैं। इन कार्यों में से 400 से 500 करोड़ के कार्य केवल नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र में ही हो रहे हैं। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने बताया कि 900 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे इस मार्ग के टेंडर हो चुके हैं। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पुलिस ने रेलवे स्टेशन से सूरजगंज जाने वाली सडक़ और ऑडिटोरियम के सामने की सडक़ पर बैरिकेडिंग लगाकर यातायात को नियंत्रित किया, ताकि मंत्री के आवागमन के दौरान सुरक्षा में कोई चूक न हो।

## गुरुदेव शिक्षा व समाज सेवा समिति ने किया सेमन नाले पर बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति द्वारा सेक्टर क्रमांक 04 के ग्राम मानागांव के पास स्थित प्राचीन गुरुआ बाबा मंदिर के पास सेमन नाले पर 58 बोरिओं से बोरी बंधान किया गया। बोरी बंधान कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक पवन सहगल ने कहा कि जन अभियान परिषद पूरे मध्य प्रदेश में जल संचय अभियान अंतर्गत जल संरक्षण की विभिन्न गतिविधियों की जा रही हैं। इसी क्रम में आज माखन नगर सेक्टर क्रमांक 04 के ग्राम मानागांव के पास स्थित सेमन नाला पर बोरी बंधान किया जा रहा है जिससे यहाँ पर लंबे समय तक जल का भराव रहे। विकासखण्ड समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने जल संरक्षण के अनेक उदाहरण देकर जल के महत्व को बताया। मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी कहा कि हम सभी को मिलकर जल संरक्षण के लिए आगे आना होगा। तभी हम जल के महत्व को समझ सकेंगे। अंत में जल संचय शपथ दिलाई गई। सभी आभार नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव ने व्यक्त किया। इस दौरान पवन सहगल, नरेन्द्र देशमुख , मनीष चतुर्वेदी, सुरेश यादव, नीतिराज सिंह यादव, गेंदालाल यादव, शुभम् गोस्वामी, शुभम् यादव,नीतेश यादव, जितेंद्र पाल, पूनमचंद अहिरवार,तारेश परसाईं, राकेश यादव,सतीश यादव, रुपेश यादव, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, हरिनारायण यादव,महेश, गणेश, संजू,सूरज, सूबेदार यादव तथा नवांकुर संस्था सदस्य ने सहयोग दिया।

### माखननगर महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन

माखननगर -मध्य प्रदेश शासन रोजगार कार्यालय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल शिक्षा विभाग एवं श्री माखन लाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 17 दिसंबर 2025 दिन बुधवार को महाविद्यालय प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मध्य प्रदेश की नामी कंपनियां मौजूद रहेंगी। जिसमें महाविद्यालय विद्यार्थियों सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी छात्र छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे, महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉक्टर राजकुमार पटवा ने बताया कि रोजगार प्राप्त करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को सर्वप्रथम पंजीयन काउंटर पर अपना पंजीयन कराना होगा उसके बाद संबंधित कंपनियों के पास पहुंचकर कंपनी की संपूर्ण जानकारी ले सकते हैं। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रभारी डा क्षमा मेहरा ने बताया कि विगत वर्षों में भी रोजगार कार्यालय के सहयोग से महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जाता रहा है जिसमें महाविद्यालय सहित आसपास के अनेक जरूरतमंदों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए।

## एसटीआर के नाम सौंपा उप वन परिक्षेत्र अधिकारी को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र कीग्राम पंचायत मटकुली की सरपंच नेहा धुर्वे गीता बाई जनपद उपसरपंच संजय दुबे रेवती पाल भगवान दास साहु, जसपाल सिंह मोइन खान संजू राय सहित अन्य सभी ग्राम पंचायत के निवासी लोगो ने उप वन परिक्षेत्र अधिकारी बेनी प्रसाद धर्वेको ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में कहा गया है कि वन परिक्षेत्र मटकुली ग्राम पंचायत में राजस्व घोषित होने के बाद भी अभी परेशानी हो रही है। जिसके लिए संचालक सतपुड़ा टाइगर उद्यान के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें इको सेंसेटिव जोन तथा उसके जोनल प्लान पर आपत्तियां दर्ज कराई गई है।

उन्होंने बताया कि मटकुली राष्ट्रीय उद्यान की सीमाओं से बाहर है। अतः आपत्ति प्रस्तुत पर विचार किया जाने की मांग कीहै।इको नोटिफिकेशन वर्ष 2017 में बिना किसी प्रचार प्रसार के लोगों की बिना जानकारी के जारी करदिया गया है। जिसके कारण प्रभावित ग्रामों की ओरस कोई आपत्ती नही लगाईं गई थी। जोनल प्लान पूरी तरह से अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित किया गया जिसके कारण दावे आपत्ति किए गए थे ग्रामीण क्षेत्रमे निवास करने वाले सभी आदिवासी तथा अन्य नागरिकों के लिए इसको समझकर इस पर आपत्ति कियाजना संभव नहीं है। अतः इसे हिन्दी भाषा में प्रकाशित किया जाना तथा दावा आपत्ति धुलाना चाहिए। 2017 के इको सेंसेटिव जोन के नोटिफिकेशन में शहरी क्षेत्रमे एवं ग्रामीण क्षेत्र मे इसका विस्तार केवल 100मीटर होना स्पष्टहै। लेकिन वर्तमानमे इसका विस्तार 2किलोमीटर तक दर्शित हो रहा है।जो विधि के विपरित है।

इस क्षेत्र को इको सेंसेटिव जोन मानकर किसी तरह का प्रतिबंध लगाना उचित नहीं है। जोनल प्लान में पर्यटन उद्योग के अंतर्गत आने वाले होटल रिसोर्ट निर्माण पर प्रतिबंध किया गया है इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के पास छोटे छोटे रकवे है। जिनमें कृषि कार्य किया गया है। लेकिन जंगली जानवर बन्दर सुअर की अधिक आबादी होने से कृषिकार्य लाभकारी नहीं है। अतः शासन कोचाहिए कि इन लोगों को कोईसुविधा में कभी नहीं हो उद्योग कुटीर उद्योग होटल रिसोर्ट निर्माण कार्य पूरा करने की अनुमति प्रदान किया जाना चाहिए।

### नर्मदापुरम पत्रकार संघ ने दी वरिष्ठ पत्रकार प्रेमशंकर दुबे को श्रद्धांजलि



इटारसी। नर्मदापुरम पत्रकार संघ ने श्री प्रेम शंकर दुबे को पत्रकार भवन में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह अवसर स्वर्गीय दुबे के योगदान को याद करने और उन्हें सम्मान देने के लिए आयोजित किया गया था। उपस्थित सभी पत्रकार साथियों और गणमान्य नागरिकों ने स्वर्गीय दुबे के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस श्रद्धांजलि सभा में शहर के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और गणमान्य नागरिक शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ साहित्यकार मिलिंद रोन्धे, सुधांशु मिश्रा, दुबे परिवार से नूतन दुबे, पुनीत दुबे, राजेश दुबे, पत्रकार मंगेश यादव, राहुल शरण, पुनीत मालवीय, राहुल अग्रवाल, सुरेंद्र राजपूत, प्रमोद पगारे, ब्रजमोहन सोलंकी आदि मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्वर्गीय प्रेम शंकर दुबे के पत्रकारिता के सिद्धांतों, उनके निडर लेखन और नई पीढ़ी के पत्रकारों को दिए गए मार्गदर्शन को याद किया।

## सेंट जोसेफ स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव, विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया




पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाडामे सेंट जोसेफ हायर सेकंडरी स्कूल में बच्चों को हमेशा स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत फादर प्राचार्य शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं ने वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया मां सरस्वती वंदना कर दीप जलाकर किया गया। सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर झांकीपस्तुतकी जिसमें कावयांश ठाकुर पिता सूरज ठाकुर ने सबसे ज्यादा अच्छी झांकी सजाई गई जिसकी सराहना करते हुए विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि रचनात्मक शैक्षिक नवाचार से भरपूर प्रदर्शनीअत्यंत सराहनीय प्रस्तुत की गई है इसके लिए विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं बधाई दी गई सफल आयोजन के लिए तथा शिक्षा सृजन नवाचार का प्रेरणादायक संगम उत्सव का आयोजन करने के लिए सभी लगातार रहे जिसमें शिक्षक राकेश जैन ने बताया कि इस दौरान फादर प्रचार शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं के साथ उनके माता-पिता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे बच्चों के द्वारा विभिन्न तरह के स्टाल लगाए गए जिसमें सभी के द्वारा भाग लिया गया बच्चों को काफी जागरुक करते हुए उनकी सराहना की गई।

#### लंबे महाकाल ट्रैक का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# महाशिवरात्रि मेले की तैयारियां हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र पचमढ़ी जल्द ही महाशिवरात्रि मेले की धूम में लीन होने वाला है। इस भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए स्थानीय प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में, एसडीएम आक्रबि खान के नेतृत्व में सभी विभाग प्रमुखों की एक टीम ने रविवार को संपूर्ण मेला क्षेत्र का गहन पैदल दौरा किया।

अधिकारियों ने खास तौर पर लगभग 9 किलोमीटर लंबे पैदल मार्ग का निरीक्षण किया, जो बड़े महादेव से चौरागढ़ और चौरागढ़ से नादिया तक फैला हुआ है। इस दुर्गम और महत्वपूर्ण मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम ने ट्रैक में सुधार, सुरक्षा रेलिंग की मरम्मत और अन्य आवश्यक सुविधाओं को तुरंत बहाल करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षाः एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भीड़ नियंत्रण के लिए चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जाए। पहाड़ियों पर लगी अस्थाई लोहे की सीढ़ियों, रेलिंग और पार्किंग स्थलों की तत्काल मरम्मत की जिम्मेदारी संबंधित विभागों को सौंपी गई है।

#### पानी और स्वच्छता

पीएचई विभाग को निर्देश दिया गया कि श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त संख्या में अस्थाई शौचालयों का निर्माण भी शीघ्रता से किया जाए।

एसडीएम खान ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा है कि मेले के संचालन में किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए और सभी सुधार कार्य मेला शुरू होने से पहले हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने चौरागढ़ मंदिर के दर्शन भी किए।

## महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी में रोमांचक शुरुआत, बैतूल और जबलपुर ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



खेल प्रेमियों के लंबे इंतजार के बाद, मिनी गांधी स्टेडियम में अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हो गया है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन शनिवार को नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे के मुख्य आतिथ्य में किया। उद्घाटन समारोह में तकनीकी समिति के सदस्य दीप सिंह ठाकुर, जयसिंह भदौरिया, अखिल दीप जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

#### मंत्री ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

प्रतियोगिता के दूसरे मैच के दौरान मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा नगर अध्यक्ष और आयोजन समिति अध्यक्ष राहुल चौरे, महामंत्री शैलेन्द्र दुबे, पुरानी इटारसी अध्यक्ष मयंक महतो और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। संचालन जय किशोर चौधरी ने किया।

मंत्री राकेश सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि, खिलाड़ी देश की धरोहर हैं, उनसे बड़ी आशाएं हैं। खेल भावना का जीवन में बड़ा महत्व है। उन्होंने जोर दिया कि हार-जीत चलती रहती है, लेकिन खेल जीवन में आने वाली चुनौतियों से लडऩे के लिए सक्षम बनाते हैं। उन्होंने सभी टीमों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

**InThe Court Of Civil Judge Class-I, Sohagpur District Court, Hoshangabad**

Presiding Officer: श्रीमती संगीता डावर
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000041/2025)
रजनी विश्वकर्मा.................... वादी
Vs
सर्वसाधारण...................... प्रतिवादी
Process Id-/2025
प्रेषिती- पेशी दिनांक : 19/12/2025
(1) सर्वसाधारण पता-सोहागपुर तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.

यह कि प्रार्थी रजनी विश्वकर्मा पत्नी भगवानदास विश्वकर्मा पुत्री रमेश कुमार विश्वकर्मा कास्तकार ग्राम शोभापुर निवासी कस्तूरबा नगर वार्ड क्रमांक 19 इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम ने आपके विरूद्ध सर्वसाधारण व अन्य के लिए वाद संस्थित किया है, कि वादी रजनी का वास्तविक नाम रजनी ही है राजस्व रिकार्ड में जिजिया गलत लेख हो गया है विकल्प में रजनी उर्फ जिजिया विश्वकर्मा पुत्री रमेश कुमार पत्नी भगवानदास की घोषणा चाही गई है। अत: आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 19 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**न्यायाधीश श्रीमती संगीता डावर
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.**

## नेशनल लोक अदालत में 467 प्रकरणों का हुआ निराकरण

# पांच करोड़ के अवॉर्ड हुए पारित 1068 पक्षकारों को मिला लाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा अरविंद रघुवंशी के कुशल मार्गदर्शन में जिला न्यायालय हरदा एवं व्यवहार न्यायालय खिरकिया तथा व्यवहार न्यायालय टिमरनी में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

लोक अदालत में जिले में कुल 11 खण्डपीठ बनाई थी, जिसमें से 10 खण्डपीठ न्यायालयों की, 01 खण्डपीठ उपभोक्ता फोरम की बनाई गई थी। गठित खण्डपीठों द्वारा सुलह समझौते के आधार पर कुल 467 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा 5,19,93,909 (पांच करोड़ उन्नीस लाख तिरानवे हजार नौ सौ नौ रूपये) के अवार्ड पारित किए गए तथा कुल 411 लोगों को सीधा लाभांवित किया गया। इसी तरह प्री-लिटिगेशन स्तर पर कुल 472 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 38,86,966 (अडतीस लाख छियासी हजार नौ सौ छियासठ मात्र) रूपये की वसूली की गई तथा 657 लोगों को सीधा लाभांवित किया गया। लोक अदालत में पक्षकारगणों को गठित खण्डपीठों द्वारा दी गई समझाईश के उपरांत पक्षकारगण अपने-अपने प्रकरणों को समाप्त करने के लिए राजी हुए। पक्षकारगणों को उनके राजीनामें करने पर प्रकरण समाप्त होने पर स्मृति स्वरूप फलदार वृक्ष भेंट किए गए तथा उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदा किया गया।

### दादा ने पोते को दी दो एकड़ जमीन

नेशनल लोक अदालत में खण्डपीठ क्रमांक 02 के पीठासीन अधिकारी जयदीप सिंह के न्यायालय में लंबित प्रकरण क्रमांक आरसीएस ए/28/2025 का अंतिम निराकरण उभयपक्ष के मध्य राजीनामा के आधार पर हुआ। प्रकरण में बहू रीना बाई द्वारा अपने ससुर कमलेश सिंह के विरुद्ध उसके पति की मृत्यु हो जाने के कारण भरण-पोषण का दावा मृतक पति के पैतृक संपत्ति में हिस्से तक का प्रस्तुत किया था जो लंबित था। उभयपक्ष को लोक अदालत में समझाए जाने पर ससुर द्वारा अपने अवयस्क नाती को पैतृक संपत्ति कृषि भूमि में से 2.00 एकड़ का हिस्सा बहू एवं नाती के भरण-पोषण के निमित्त राजीनामे के माध्यम से दे दिया और उभयपक्ष ने हंसी-खुशी से स्वेच्छा से राजीनामा स्वीकार किया और अपने प्रकरण को राजीनामे के आधार पर निराकृत करवा लिया। इस तरह ससुर द्वारा कराए गए बंटवारे से बहू एवं नाती के समक्ष जो भरण-पोषण की समस्या पति एवं पिता के मृत हो जाने के कारण उत्पन्न हो गई थी वह समस्या स्थाई रूप से हल हो गई।

### वर्षों की कलह को भाइयों ने किया खत्म

*खण्डपीठ क्रमांक 06 के पीठासीन अधिकारी संजीव राहंगडाले के न्यायालय में 07 वर्ष पुराने दीवानी मामले का निराकरण किया गया। प्रकरण गढ़ीपुरा हरदा स्थित एक भूखण्ड के विवाद के संबंध में था। वादीगण और प्रतिवादीगण दादा के समय से भूखण्ड का विवाद चला आ रहा था। प्रकरण में वादीगण आपस में 5 सगे भाई थे, जिनमें से दो भाई वादी क्रमांक 1 व वादी क्रमांक 4 का निधन प्रकरण के लंबित रहने के दौरान हो गया था। वादी क्रमांक 1 की ओर से उनके उत्तराधिकारी 5 पुत्र, 4 पुत्रियां तथा प्रतिवादी क्रमांक 4 की ओर से उनके उत्तराधिकारी पत्नी, पुत्र एवं 03 पुत्रियां केस लड़ रहे थे। न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से पक्षकारों को समझाईश दिए जाने के बाद उभयपक्ष प्रकरण में समझौता करने को तैयार हुए एवं नेशनल लोक अदालत के माध्यम से केस का निराकरण संभव हुआ।*

## पुलिस की उपस्थिति को प्रभावी बनाए रखने का प्रयास

# आमजन में सुरक्षा का भाव व असामाजिक तत्वों को संदेश देने निकाला फ्लैग मार्च



**हरदा।** शहर में पुलिस की उपस्थिति को प्रभावी बनाए रखने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से हरदा में प्रशासन एवं पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक शशांक द्वारा किया गया, एवं जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की उपस्थिति ने प्रशासनिक समन्वय को और सशक्त किया। फ्लैग मार्च में जिला प्रशासन एवं पुलिस के समन्वय के तहत जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जिले के सभी थानों के थाना प्रभारी तथा लगभग 400 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाना तथा असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश देना रहा कि जिला प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः तत्पर है। फ्लैग मार्च पुलिस कंट्रोल रूम हरदा से प्रारंभ होकर नारायण टॉकीज, चान्दक चौक, घंटाघर, हरसूद गली, जैसानी चौक, टांक चौराहा, परशुराम चौराहा, सब्जी मंडी, अंबेडकर चौराहा होते हुए पुनः पुलिस कंट्रोल रूम हरदा पहुंचकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधीक्षक शशांक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में कानून-व्यवस्था, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा आम नागरिकों से निरंतर संवाद बनाए रखें।

## 15 बच्चों को हृदय रोग की जांच के लिए भोपाल भेजा

***हरदा।*** *जिले के 15 बच्चों को हृदय रोग की जांच के लिए भोपाल भेजा गया है। ये सभी बच्चे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिन्हित किए गए हैं। भोपाल के जेपी अस्पताल में इनके हृदय की जांच की जाएगी। चिन्हित बच्चों को गुरुवार सुबह विशेष वाहनों से भोपाल रवाना किया गया। बच्चों के साथ मेडिकल टीम भी मौजूद रही, ताकि यात्रा और जांच के दौरान उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। जिला समन्वयक आशीष साकल्ले ने बताया कि जांच के दौरान जिन बच्चों में हृदय रोग की पुष्टि होगी, उनका इलाज निजी अस्पतालों में निःशुल्क कराया जाएगा। इलाज के दौरान दवाइयों, जांच, इलाज, आवागमन और ठहरने की पूरी व्यवस्था मुफ्त रहेगी। इस दल में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजू वर्मा, डॉ. परमानंद छलोत्रे, शिविर प्रबंधक नीरज मालवीय और दीपक गौर शामिल रहे। टीम बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। कार्यक्रम का उद्देश्य हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की समय रहते पहचान कर उनका उपचार कराना है, ताकि आगे चलकर बच्चों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाया जा सके।*

## भागवत कथा का तृतीय दिवस

# मुस्कुराते, गीत गाते रहोः तिवारी



**हरदा।** पीपल्या मकड़ाई की पावन धरा पर राधाकृष्ण मंदिर गौर मांगलिक भवन में चल रही संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में व्यास महाराज पंडित तरुण तिवारी नर्मदापुरम के द्वारा समय की अद्भुत व्याख्या की गई। उन्होंने कहा कि किस प्रकार से राजा परीक्षित ने संपूर्ण राज ऐश्वर्य त्याग कर धर्म का आश्रय लेकर गंगा के तट पर आ गए और जब व्यक्ति के मन में सच्ची लगन होती है। परमात्मा को प्राप्त करने की तो, ईश्वर शुकदेव जैसे परमहंस कोटि के महात्मा संत से अपने आप मिलन करा देता है। समय रहते हमें अपने परमार्थ का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए अन्यथा समय निकलने पर हमारे हाथ में कुछ नहीं रहेगा। कपिल देवहूती संवाद के माध्यम से सांख्य योग्य का दिव्य वर्णन पूज्य व्यास महाराज ने किया और कहा बताया कि किस प्रकार से जीव मां के गर्भ में अनेक प्रकार के दुखों को प्राप्त करता है।परमात्मा से प्रार्थना करता है कि प्रभु यह मनुष्य का जन्म निर्थक नहीं जाने दूंगा आपका भजन करूंगा और आपको ही प्राप्त कर लूंगा। समस्त जनता जनार्दन ने कथामहानुभावों ने कथा के मर्म को समझा और जाना की कथा सत्संग से ही जीवन परिवर्तन हो सकता है। सोमवार की कथा प्रसंग में भगवान नंद नंदन श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

## लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने प्रेरित करने का प्रयास

# वाहन रैली निकाली, 51 कुंडीय महायज्ञ 16 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 16 से 19 दिसंबर तक 51 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन अखंड दीप एवं भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष तथा नारी जागरण के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ हरदा में सुनिश्चित किया गया है। इसी उपलक्ष्य में रविवार को शहर में वाहन रैली निकाली गई।

गायत्री परिवार के सदस्यों ने इस वाहन रैली में भाग लिया। रैली का उद्देश्य महायज्ञ के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करना था। गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी ऋषि पारे ने बताया कि यह महायज्ञ भारतीय संस्कृति के उत्थान और पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करने का एक अवसर है। इसमें विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न किए जाएंगे। पदाधिकारियों ने बताया कि महायज्ञ का लक्ष्य क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना, वातावरण शुद्धि और सनातन संस्कृति के संस्कारों को बनाए रखना है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रज्ञा योग, विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ, प्रवचन, भक्ति संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी संस्कार निःशुल्क संपन्न होंगे, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम माता भगवती देवी शर्मा (गुरु मां) और अखंड ज्योति के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित किए जा रहे 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञों और अन्य आयोजनों का हिस्सा है। इन आयोजनों का उद्देश्य राष्ट्र जागरण, पर्यावरण शुद्धि और नैतिक मूल्यों की स्थापना करना है। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित ये कार्यक्रम साधकों को आध्यात्मिक उन्नति का अवसर प्रदान करते हैं।

## श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन

# बालक को संस्कार बचपन में देंः शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

श्रीसिध्दखेडापति हनुमान मंदिर गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामबासियो के सहयोग से रहटगाँव के पंछी मोहल्ले में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। जिसमें श्रीमद भागवत के कथा के तृतीय दिवस की कथा में पडित सुनील शर्मा के द्वारा ध्रुव चरित्र को विस्तार से वर्णन करते हुए बताया।

राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव की है, जिन्हें सौतेली माँ के अपमान के बाद पिता से प्रेम न मिलने पर, मात्र पाँच वर्ष की आयु में तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और ध्रुव तारा बनने की कहानी का वर्णन किया। जो दृढ़ संकल्प, ईश्वर में आस्था और अटूट निष्ठा का प्रतीक है। जिसके बाद उन्हें अमरत्व और आकाश में स्थायी स्थान ध्रुव तारा प्राप्त हुआ। बालक के अन्दर संस्कार बचपन में ही दिए जाने की बात कही। बालक को बचपन में संस्कारित किया जाता है तो, उसके जीवन में कभी कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। पंडित शर्मा द्वारा कथा में शिव विवाह कथा भोले भंडारी, नंदी पर सवार होकर बारात लेकर चलने, भूत-प्रेत बाराती बनने, मैना द्वारा पार्वती को सीख देने, और त्रियुगी नारायण मंदिर में विवाह संपन्न होने का वर्णन को सुनाया, जिसमें भक्तजन 'हर हर महादेव', 'बम बम भोले' के जयकारे लगाते रहे और कथा शिव-पार्वती के प्रेम, तपस्या और लोक-लाज के मिलन को दर्शाती है। प्रतिदिन प्रातः काल भगवान का पूज्न पं. अभिषेक शर्मा पं. बालकृष्ण शमी के द्वारा कराया जा रहा। राम कथा के उपर्ण टी श्रीमद् भागवत आरती एवं महाप्रसाद का भजन किया।

# नप सीएमओ की विकास विरोधी कार्यप्रणाली को लेकर उपाध्यक्ष सहित पार्षद आज धरने पर बैठेंगे




**खिरकिया।** नगर परिषद सीएमओ महेंद्र शर्मा की विकास विरोधी कार्यप्रणाली को लेकर नप के उपाध्यक्ष सहित समस्त पार्षद गण गांधी चौक पर सोमवार 15 दिसंबर धरने पर बैठेंगे । इस संबंध में उपाध्यक्ष विजयंत गौर ने एक प्रेस नोट जारी किया प्रेस नोट के माध्यम से उपाध्यक्ष ने बताया कि अध्यक्ष इंद्रजीत खनूजा और पार्षदों के बीच कोई भी समझौता नहीं हुआ है। विगत दिनों नप की साधारण सभा की बैठक बीते 20 नवंबर को की गई। बैठक के समय नगर के सभी वार्डो के प्रस्तावों को बहुत से पास किया गया और जिन वार्डो के प्रस्ताव नहीं थे वे सीएमओ और अध्यक्ष की अनुमति से बैठक में लिए गए और बहुमत के आधार पर पास किए गए । बैठक के 12 दिन बाद भी पास किये गए प्रस्तावो को बैठक प्रोसिडिंग रजिस्टर में महेंद्र शर्मा और बाबू सुनील राजपूत के द्वारा नही लिखे गई। जिसकी शिकायत हरदा कलेक्टर से की थी। उसके बाद उपाध्यक्ष विजयंत गौर ओर पार्षद नितिन गुप्ता के द्वारा नप आफिस में जाकर सीएमओ महेन्द्र शर्मा से प्रोसिडिंग रजिस्टर पास किये प्रस्तावो को दखने के लिए मंगाया तो वह रजिस्टर पर को प्रोसिडिंग नही लिखी थी । हमारे द्वारा प्रोसिडिंग रजिस्टर के खाली पन्ने पर एक टीप लिखी जिसमे आज दिनाक तक इस रजिस्टर पर बैठक की प्रोसिडिंग नही लिखी गई इतने में सीएमओ ने हमारा वीडियो बनाकर शासकीय कार्य मे वधा डालने का आरोप लगाकर थाने में आवेदन दिया। सीएमओ की इस कार्यशैली से पार्षदों में रोष है, प्रोसीडिंग समय पर ना लिखने को लेकर सीएमओ और संबंधित बाबू पर कार्यवाही होना चाहिए कलेक्टर से की गई। वार्ड क्रमांक एक की पार्षद फूलबाई, वार्ड क्रमांक 4 से पार्षद नेहा दुआ, वार्ड 5 से पार्षद संगीता पांडे, वार्ड 6 से पार्षद सोनम सोनी, वार्ड क्रमांक 7 से पार्षद लक्ष्मी यादव, वार्ड क्रमांक 9 से पार्षद पुष्पा जैन, वार्ड क्रमांक 11 से पार्षद सुरेंद्र आठनेरे, वार्ड 12 से पार्षद एवं उपाध्यक्ष विजयंत गौर, वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद रमा गौर, वार्ड क्रमांक 14 से पार्षद राजेश मालाकार सीएमओ की कार्यशैली के विरोध में और उन्हें तत्काल हटाए जाने की मांग को लेकर सोमवार को गांधी चौक पर धरने पर बैठेंगे ।

### इनका कहना है

परिषद में सभी काम नियमानुसार हो रहे हैं , प्रोसीडिंग , बैठक सभी समय पर हो रहा है । मेरे द्वारा शहर विकास में कोई भी अड़ंगा नहीं लगाया गया है ।

**महेंद्र शर्मा सीएमओ**
नगर परिषद खिरकिया

## तोरनिया गांव में फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, किया प्रदर्शन

# अंधेरे और पेयजल संकट से त्रस्त होकर महिलाओं ने निकाली रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

ग्राम तोरणिया पिछले दो माह से अंधकार और जल संकट से जूझ रहा है। बिजली के जले हुए ट्रांसफार्मर और सूखे पड़े नल के कारण ग्रामीण जनता, विशेषकर महिलाओं और किसानों का सब्र अब टूट चुका है। ग्रामीणों ने किसान समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन किया और आंदोलन की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो महीने से गांव के ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं, जिसके कारण पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। रात में न केवल बच्चों की पढ़ाई रुक गई है, बल्कि किसानों को भी खेतों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण गोकल सेन, भाई ललिता बाई और फूल कुमार जैसे कई लोगों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही चरम पर है।

### पानी की समस्या बनी परेशानी

बिजली संकट के साथ ही गांव में पानी की समस्या भी विकराल रूप ले चुकी है। नल-जल योजना ठप्प है और ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। महिलाओं को दूर दराज से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उनका दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जमुना भाई, कांताबाई, ललिता बाई और ज्योति वर्मा सहित दर्जनों महिलाओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया और अपनी व्यथा सुनाई।

### सीएम और मंत्रियों से अपील

*ग्रामीणों के इस प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विद्युत मंत्री और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। समाजसेवी मेवाड़ा ने बताया कि पूरा गांव अंधेरे में जीने को मजबूर है और पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहा है। प्रशासन तत्काल दोनों जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलवा, और गांव में नवीन नलकूप खनन करवाकर पानी की स्थाई व्यवस्था करे। यदि हमारी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो यह प्रदर्शन उग्र आंदोलन का रूप ले लेगा। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने सरकार से अपील की है कि उनकी मूलभूत समस्याओं का समाधान किया जाए।*

## दिखे बड़े पंजों के निशान बाघ की आहट, 24 घंटे बाद भी नहीं पहुंची टीम

**सीहोर।** जिले के ग्राम रामा खेड़ी में किसानों के खेतों में रहस्यमयी बड़े पंजों के निशान मिलने से हड़कंप मच गया है। शुक्रवार और शनिवार सुबह जब किसान गेहूं की फसल में पानी दे रहे थे, तब उन्हें ये निशान दिखाई दिए। इसके बाद से पूरे गांव में बाघ या किसी अन्य जंगली जानवर की मौजूदगी को लेकर दहशत का माहौल है। किसान कपिल मेवाड़ा के खेत सहित आसपास के कई खेतों में ये निशान लगातार दो दिनों से मिल रहे हैं। पंजों का आकार बड़ा होने के कारण ग्रामीणों ने शुरुआती तौर पर आशंका जताई है कि ये बाघ के पंजे हो सकते हैं। हालांकि, यह निशान बाघ के हैं या तेंदुए के, इसकी आधिकारिक पुष्टि वन विभाग की जांच के बाद ही हो पाएगी।

**सूचना के 24 घंटे बाद भी वन अमला नदारद :** ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना किसान और समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा को दी, जिन्होंने वन विभाग को भी अवगत कराया। लेकिन हैरानी की बात है कि सूचना दिए 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या टीम मौके पर नहीं पहुंची है।

**रात में टॉर्च लेकर निकलने की अपील :** किसानों का कहना है कि रात के समय गेहूं की फसल में पलेवा (पानी) करने के लिए उन्हें अकेले खेतों पर जाना पड़ता है।